सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं.35/4/2020-रा.भा.(यो-1) दिनांक 22.12.2025

# कार्यालय ज्ञापन

**विषयः सीएसआईआर-सीरी कंप्यूटर पर हिंदी में टंकण प्रोत्साहन योजना ।**

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक **28.10.2025** को हुई बैठक में की गई अनुशंसा पर निदेशक, सीरी, ने संस्थान के विभिन्न प्रशासनिक/वैज्ञानिक/तकनीकी अनुभागों/प्रभागों में कार्यरत कर्मचारियों/सहकर्मियों के लिए **01 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2026** तक की अवधि के लिए उपर्युक्त योजना को लागू करने का सहर्ष अनुमोदन किया है। योजना का विवरण निम्नवत है –

**क) पात्रता**

सभी श्रेणियों के वे अधिकारी/कर्मचारी जो सरकारी कार्य का **75 प्रतिशत या अधिक** मूलरूप से हिंदी में करते हैं। इस योजना में फाइलों पर हिंदी में किया गया कार्य, रजिस्टर आदि में इंदराज, सूची तैयार करना, लेखा कार्य आदि जिनका सत्यापन किया जा सके, शामिल किए जाएँगे।

**ख) पुरस्कारों की संख्या - 20**(बीस) **प्रोत्साहन धनराशि -** रु.1500/- वार्षिक प्रति व्यक्ति
(प्रत्येक अनुभाग/समूह से अधिकतम 2 प्रविष्टियाँ)

**ग) मूल्यांकन**

इस योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन निदेशक महोदय द्वारा गठित मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाएगा। समिति की संस्तुतियों के आधार पर अंतिम निर्णय निदेशक महोदय द्वारा लिया जाएगा।

**इस योजना में सम्मिलित होने के लिए सहकर्मियों को योजना अवधि की समाप्ति के उपरांत अपने अनुभाग प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करना होगा।**

(रमेश बौरा) 22/12/2025
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. निदेशक कार्यालय, सीएसआईआर-सीरी
2. प्रशासन नियंत्रक/वित्त एवं लेखा नियंत्रक, सीएसआईआर-सीरी
3. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यगण
4. समस्त विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष
5. प्रभारी, एआईटीजी/एनएमसी - वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए
6. समस्त सूचना पट्ट

सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं.35/4/2020-रा.भा.(यो- 2)

दिनांक 22.12.2025

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय : सीएसआइआर-सीरी हिंदी श्रुतलेख (डिक्टेशन) प्रोत्साहन योजना (अधिकारियों के लिए)**

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक **28.10.2025** को हुई बैठक में की गई अनुशंसा पर निदेशक, सीरी, ने संस्थान के प्रशासनिक/वैज्ञानिक/तकनीकी अनुभागों/प्रभागों में कार्यरत अधिकारियों के लिए **01 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2026** तक की अवधि के लिए उपर्युक्त योजना को लागू करने का सहर्ष अनुमोदन किया है। योजना का विवरण निम्नवत है -

**क) पात्रता** - समस्त वैज्ञानिक/अधिकारी इस योजना में सम्मिलित होने के पात्र हैं । अधिकारियों द्वारा हिंदी में **श्रुतलेख (डिक्टेशन)** देने का कार्य आशुलिपिक अथवा किसी अन्य सहकर्मी की सहायता से कराया जा सकता है।

**ख) पुरस्कारों की सं.** - 04 (02 हिंदी भाषी अधिकारी तथा 02 हिंदीतर भाषी अधिकारी)

**ग) धनराशि** - रु. 2000/- वार्षिक प्रत्येक

**घ) मूल्यांकन** -

इस योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन निदेशक महोदय द्वारा गठित मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाएगा। समिति की संस्तुतियों के आधार पर अंतिम निर्णय निदेशक महोदय द्वारा लिया जाएगा।

**इस योजना में सम्मिलित होने के लिए संबंधित अधिकारी को योजना अवधि की समाप्ति के उपरांत अपने प्रभागाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करना होगा। ।**

22/12/2025
(रमेश बौरा)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. निदेशक कार्यालय, सीएसआईआर-सीरी
2. प्रशासन नियंत्रक/वित्त एवं लेखा नियंत्रक, सीएसआईआर-सीरी
3. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यगण
4. समस्त विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष
5. प्रभारी, एआईटीजी/एनएमसी - वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए
6. समस्त सूचना पट्ट

**सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान**
**पिलानी (राजस्थान) 333031**

सं.35/4/2020-रा.भा.(यो-3)

दिनांक 22.12.2025

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय : सीएसआइआर - सीरी वैज्ञानिक/तकनीकी/प्रशासनिक कार्य हिंदी में करने हेतु प्रोत्साहन योजना।**

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक **28.10.2025** को हुई बैठक में की गई अनुशंसा पर निदेशक, सीरी, ने संस्थान के प्रशासनिक/वैज्ञानिक/तकनीकी अनुभागों/प्रभागों में कार्यरत सहकर्मियों के लिए **01 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2026** तक की अवधि के दौरान निम्नलिखित वैज्ञानिक/तकनीकी/प्रशासनिक कार्य हिंदी में करने के लिए उपर्युक्त योजना को लागू करने का सहर्ष अनुमोदन किया है। योजना का विवरण निम्नवत है -

| | | प्रोत्साहन राशि |
|---|---|---|
| **क)** | **शोध पत्र लेखन** | |
| | 1. प्रतिष्ठित/नियमित/मानक हिंदी शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध पत्र | रु. 2000/- |
| | 2. संगोष्ठी/सेमिनार/कार्यशालाओं की स्मारिका/विवरणिका में प्रस्तुत हिंदी शोध पत्र/प्रचलित हिंदी पत्रिकाओं/हिंदी समाचार पत्रों में प्रकाशित वैज्ञानिक/लोकप्रिय विषयों पर शोध पत्र/लेख | रु. 1250/- |
| | 3. संस्थान की हिंदी विज्ञान पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण' में प्रकाशित सर्वश्रेष्ठ 05 आलेख/शोधपत्र | रु. 2000/- |
| **ख)** | **शोध पत्र/व्याख्यान प्रस्तुतीकरण** | |
| | संगोष्ठी/सम्मेलन/आमंत्रित व्याख्यान में मौखिक/पावर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुतीकरण | रु.1500/- |
| **ग)** | **हिंदी में पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण** | |
| | संस्थान स्तर पर किसी भी वैज्ञानिक/तकनीकी/प्रशासनिक व्याख्यान में पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण तैयार करने/देने पर | रु.1500/- |

**घ)** **पात्रता** - संस्थान के वैज्ञानिक/तकनीकी/प्रशासनिक सहकर्मी

**ड़)** **मूल्यांकन** - इस योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन निदेशक महोदय द्वारा गठित मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाएगा। समिति की संस्तुतियों के आधार पर अंतिम निर्णय निदेशक महोदय द्वारा लिया जाएगा।

**इस योजना में सम्मिलित होने के लिए सहकर्मियों को योजना अवधि की समाप्ति के उपरांत अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करना होगा।**

(रमेश बौरा) 22.12.2025
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. निदेशक कार्यालय, सीएसआईआर-सीरी
2. प्रशासन नियंत्रक/वित्त एवं लेखा नियंत्रक, सीएसआईआर-सीरी
3. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यगण
4. समस्त विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष
5. प्रभारी, एआईटीजी/एनएमसी - वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए
6. समस्त सूचना पट्ट

**सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान**
**पिलानी (राजस्थान) 333031**

सं. 35/4/2020-रा.भा.(यो-4)

दिनांक 22.12.2025

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय : सीएसआईआर - सीरी हिंदी में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु प्रोत्साहन पुरस्कार योजना।**

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक **28.10.2025** को हुई बैठक में की गई अनुशंसा पर निदेशक, सीरी, ने संस्थान के विभिन्न प्रशासनिक/वैज्ञानिक/तकनीकी अनुभागों/प्रभागों में कार्यरत कर्मचारियों/सहकर्मियों के लिए **01 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2026** तक की अवधि के लिए उपर्युक्त योजना को लागू करने का सहर्ष अनुमोदन किया है। योजना का विवरण निम्नवत है –

**क) पात्रता -**

संस्थान के विभिन्न समूहों/विभागों/अनुभागों/प्रभागों में कार्यरत ऐसे सहकर्मी जिन्होंने पूरे वर्ष संस्थान में राजभाषा प्रचार-प्रसार के लिए अपने स्तर पर पत्राचार/टिप्पण/दैनिक कामकाज/हिंदी सम्मेलनों में प्रतिभागिता/हिंदी प्रतियोगिता में प्रतिभागिता/डायरी/डिस्पेच/रजिस्टर/रोकड़ बही/लॉगबुक/मेजरमेंट बुक आदि में प्रविष्टि हेतु हिंदी भाषा का उपयोग किया हो ।

**ख) पुरस्कारों की संख्या -** 10(दस)

**ग) प्रोत्साहन राशि -** रु.1500/- वार्षिक प्रति प्रतिभागी

**घ) मूल्यांकन -**

इस योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन निदेशक महोदय द्वारा गठित मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाएगा। समिति की संस्तुतियों के आधार पर अंतिम निर्णय निदेशक महोदय द्वारा लिया जाएगा।

**इस योजना में सम्मिलित होने के लिए सहकर्मियों को योजना अवधि की समाप्ति के उपरांत अपने अनुभाग प्रभारी/समूह प्रमुख तथा विभागाध्यक्ष के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करना होगा।**

22/12/2025
(रमेश बौरा)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. निदेशक कार्यालय, सीएसआईआर-सीरी
2. प्रशासन नियंत्रक/वित्त एवं लेखा नियंत्रक, सीएसआईआर-सीरी
3. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यगण
4. समस्त विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष
5. प्रभारी, एआईटीजी/एनएमसी - वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए
6. समस्त सूचना पट्ट